# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला......

दिनांक ....10.9.2019.... पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ....1-6....

# एचएयू की शोधार्थी ने अनार के छिलकों से तैयार किए बिस्किट, रस्क और केक

**माई सिटी रिपोर्टर**

हिसार। हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी (एचएयू) के होम साइंस कॉलेज की शोधार्थी ने वेस्ट टू वेल्थ प्रोडक्ट तैयार किए हैं। इस प्रोडक्ट को बनाने में अनार के छिलकों का भी इस्तेमाल किया गया है, जिसे आमतौर पर लोग कचरे में फेंक देते हैं।

शोधार्थी नेहा ने वेस्ट टू वेल्थ प्रोडक्ट के अंतर्गत बिस्किट, रस्क और केक बनाए हैं। इनमें उसने गेहूं का आटा, बाजरे का आटा व चने के आटे का इस्तेमाल किया है। नेहा के मुताबिक यह प्रोडक्ट स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक हैं। नेहा ने होम साइंस कॉलेज से पीएचडी की है। पीएचडी के दौरान उन्होंने अपना रिसर्च वेस्ट टू वेल्थ प्रोडक्ट पर अपनी रिसर्च की। नेहा ने डॉ. वीनू सांगवान की गाइडेंस में अपनी रिसर्च पूरी की।



अनार के छिलके और बाजरे से बनाए गए बिस्कुट। - अमर उजाला

- **प्रोडक्ट बनाने में गेहूं, बाजरा और चने के आटे का भी किया इस्तेमाल**

> *शोधार्थी नेहा ने जो प्रोडक्ट तैयार किए हैं, वह लोगों की सेहत को ध्यान में रखकर तैयार किए हैं। - **डॉ. बिमला ढांडा, डीन, होम साइंस कॉलेज, एचएयू***

**काफी पोषक तत्व होते हैं अनार के छिलके में :** नेहा के मुताबिक हम अनार के छिलके को फेंक देते हैं, जबकि इसमें काफी पोषक तत्व होते हैं। इसमें काफी फाइबर होता है, जो हमारी पाचन शक्ति को बढ़ाता है। इसके अलावा इसमें एंटी ऑक्सीडेंट होता है, जो ऑक्सीकरण प्रक्रिया के दौरान हमारे शरीर में पनपने वाले नुकसानदायक उत्पादों को नष्ट करता है और हमें दिल की बीमारियों व कैंसर आदि से बचाता है। एंटी ऑक्सीडेंट हमारी त्वचा के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। इसमें एंटी बैक्टीरियल और एंट इंफलेमेंट्री के गुण भी होते हैं, जो हड्डियों को मजबूती देते हैं। अनार के छिलकों के इतने फायदे को देखते हुए उसने इनका इस्तेमाल अपने प्रोडक्ट में किया।

## बाजरा और चने ने और बढ़ाई पौष्टिकता

नेहा ने बताया कि बाजार में मिलने वाले बिस्किट, केक व रस्क में सिर्फ गेहूं ही मिलेगा, जबकि उसने वैल्यू एडीशन के लिए इनमें बाजरे और चने के आटे का भी इस्तेमाल किया है, जिनसे उसके प्रोडक्ट में पौष्टिक तत्वों की मात्रा और ज्यादा बढ़ गई। नेहा के मुताबिक बाजरे में काफी आयरन होता है, जो खून की कमी को दूर करता है। साथ में कुपोषण को भी दूर करता है। बाजरे में फाइबर भी होता है। यह एनर्जी का भी अच्छा स्रोत है। वहीं चने में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, विटामिन, मिनरल व फाइबर होते हैं।

## एचएयू मार्ट में जल्द होंगे उपलब्ध

डॉ. वीनू सांगवान के मुताबिक जल्द ही इन प्रोडक्ट को एचएयू मार्ट में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। हमें उम्मीद है कि लोगों को यह प्रोडक्ट काफी पसंद आएंगे। क्योंकि बाजार में मिल रहे प्रोडक्ट के मुकाबले यह प्रोडक्ट सेहत के लिए काफी फायदेमंद हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर......

दिनांक ....10.9.2019.... पृष्ठ सं. ....2.... कॉलम ....1-2....

# एचएयू में व्याख्यान और पोस्टर्स के जरिये लेडीज और बच्चों को सफाई और पानी बचाने के दिए टिप्स




सिटी रिपोर्टर • एचएयू के होम साइंस कॉलेज ने गांव दाहिमा में स्वच्छता पखवाड़ा, जल शक्ति जन शक्ति एवं राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत रैली, व्याख्यान एवं पोस्टर के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजेश दहिया, डॉ. चन्द्रकला सिंह व डॉ. वीनू सांगवान रहे।

इसमें गांव के सरपंच, पंचायत सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्रामीण महिलाएं और महाविद्यालय के 100 विद्यार्थी एवं एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे। सरपंच संदीप कुमार ने स्वच्छता रैली को रवाना किया। डॉ. राजेश दहिया ने स्वच्छता पखवाड़ा एवं जल शक्ति जन शक्ति अभियान की गतिविधियों के माध्यम से गांव को एक मॉडल गांव विकसित करने का संदेश दिया। एनसीसी ऑफिसर डॉ. वीनू सांगवान ने एनसीसी कैडेट के साथ जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पोषण एव स्वास्थ्य पर व्याख्यान व पोस्टर के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं व बच्चों को संबोधित किया। साथ ही स्वच्छता, जल शक्ति जन शक्ति एवं पोषण पर पंफ्लेट्स बांटे गए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक जागरण, अमर उजाला....

दिनांक ...10.9.2019... पृष्ठ सं. ...17, 6... कॉलम ...7-8, 1-2...

## स्वच्छता पखवाड़े में बच्चों को किया जागरूक, दिलाई शपथ



स्वच्छता पखवाड़ा रैली में मौजूद अधिकारीगण व ग्रामीण महिलाएं।

हिसार : एचएयू के गृह विज्ञान महाविद्यालय की ओर से गांव दाहिमा में स्वच्छता पखवाड़ा, जल शक्ति जन शक्ति और राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत रैली व्याख्यान एवं पोस्टर के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम संयोजक डा. राजेश दहिया, डा. चंद्रकला सिंह व डा. वीनू सांगवान ने कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें गांव के सरपंच, पंचायत सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ग्रामीण महिलाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे। (जासं)

## छात्राओं ने ग्रामीणों को किया जागरूक



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय की तरफ से गांव दाहिमा में स्वच्छता पखवाड़ा, जल शक्ति जन शक्ति एवं राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत रैली व्याख्यान एवं पोस्टर के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव के सरपंच संदीप कुमार ने स्वच्छता रैली को रवाना किया जिसमें स्कूली बच्चे, गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं, ग्रामीण महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बड-चढ़कर भाग लिया। डॉ. राजेश दहिया ने स्वच्छता पखवाड़ा एवं जल शक्ति जन शक्ति अभियान के तहत होने वाली गतिविधियों के माध्यम से गांव को एक मॉडल गांव विकसित करने का संदेश दिया। डॉ. चंद्रकला सिंह ने स्कूल एवं आंगनबाड़ी के बच्चों को व्यक्तिगत एवं वातावरण स्वच्छता के बारे में संबोधन करते हुए जिंदगी में स्वच्छता अपनाने की शपथ दिलाई एनसीसी आफिसर डॉ. वीनू सांगवान ने एनसीसी कैडेट के साथ जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पोषण एवं स्वास्थ्य पर व्याख्यान व पोस्टर के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं व बच्चों को संबोधित किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......हरिभूमि......
दिनांक ......10.9.2019...... पृष्ठ सं. ......12...... कॉलम ......7-8......

# हकृवि ने दाहिमा में मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हकृवि के गृह विज्ञान महाविद्यालय के तत्वाधान में गांव दाहिमा में स्वच्छता पखवाड़ा, जल शक्ति जन शक्ति एवं राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत रैली व्याख्यान एवं पोस्टर के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के विस्तार कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजेश दहिया, डॉ. चंद्रकला सिंह तथा डॉ. वीनू सांगवान ने कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें गांव के सरपंच, पंचायत सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ग्रामीण महिलाएं तथा महाविद्यालय के 100 विद्यार्थी एवं एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे। गांव के सरपंच संदीप कुमार ने स्वच्छता रैली को रवाना किया जिसमें स्कूली बच्चो, गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं, ग्रामीण महिलाओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। डॉ. राजेश दहिया ने महिलाओं एवं बच्चों को संबोधित करते हुए स्वच्छता पखवाड़ा एवं जल शक्ति जन शक्ति अभियान के तहत होने वाली गतिविधियों के माध्यम से गांव को एक मॉडल गांव विकसित करने का संदेश दिया।

डॉ. चन्द्रकला सिंह ने स्कूल स्कूल एवं आंगनवाड़ी के बच्चों को व्यक्तिगत एवं वातावरण स्व छता के बारे में संबोधन करते हुए जिंदगी में स्वच्छता अपनाने की शपथ दिलाई। डॉ. वीनू सांगवान ने एनसीसी कैडेट के साथ जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पोषण एव स्वास्थ्य पर व्याख्यान व पोस्टर के माध्यम से ग्रामीणों को संबोधित किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....हैलो हिसार....
दिनांक ....9.9.2019.... पृष्ठ सं. ....2.... कॉलम ....6-7....

# हकृवि ने गांव दाहिमा में चलाया स्वच्छता अभियान




हिसार : 9 सितंबर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय द्वारा गांव दाहिमा में स्वच्छता पखवाड़ा, जल शक्ति जन शक्ति एवं राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत रैली व्याखयान एवं पोस्टर के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के विस्तार कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजेश दहिया, डॉ. चन्द्रकला सिंह व डॉ. वीनू सांगवान ने कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें गांव के सरपंच, पंचायत सदस्य, आंगनवाडी कार्यकर्ता ग्रामीण महिलाएं तथा महाविद्यालय के 100 विद्यार्थी एवं एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

गांव के सरपंच श्री संदीप कुमार ने स्वच्छता रैली को रवाना किया जिसमें स्कूली बच्चे, गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं, ग्रामीण महिलाओं, आंगनवाड़ी कार्यक्रताओं ने बढचढ़ कर भाग लिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....[illegible] टाईम्स....
दिनांक ....9.9.2019.... पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....1-3....

# दाहिमा में चलाया जागरूकता अभियान




हिसार, 9 सितम्बर (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय द्वारा गांव दाहिमा में स्वच्छता पखवाड़ा, जल शक्ति जन शक्ति एवं राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत रैली व्याख्यान एवं पोस्टर के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के विस्तार कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजेश दहिया, डॉ. चन्द्रकला सिंह व डॉ. वीनू सांगवान ने कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें गांव के सरपंच, पंचायत सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ग्रामीण महिलाएं तथा महाविद्यालय के 100 विद्यार्थी एवं एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

गांव के सरपंच संदीप कुमार ने स्वच्छता रैली को रवाना किया जिसमें स्कूली बच्चे, गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं, ग्रामीण महिलाओं, आंगनवाड़ी कार्यक्रताओं ने बढचढ़ कर भाग लिया।

डॉ. राजेश दहिया ने महिलाओं एवं बच्चों को संबोधित करते हुए स्वच्छता पखवाड़ा एवं जल शक्ति जन शक्ति अभियान के तहत होने वाली गतिविधियों के माध्यम से गांव को एक मॉडल गांव विकसित करने का संदेश दिया। डॉ. चन्द्रकला सिंह ने स्कूल स्कूल एवं आंगनवाड़ी के बच्चों को व्यक्तिगत एवं वातावरण स्वच्छता के बारे में संबोधन करते हुए जिंदगी में स्वच्छता अपनाने की शपथ दिलाई। एनसीसी आफिसर डॉ. वीनू सांगवान ने एनसीसी कैडेट के साथ जल सरंक्षण, स्वच्छता एवं पोषण एव स्वास्थय पर व्याखयान व पोस्टर के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं व बच्चों को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता, जल शक्ति जन शक्ति एवं आहार पोषण पर पैम्पलेट बांटे गए।